प्रादेशिक समाचार
01.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण की तिकड़ी भारत के तीव्र विकास के अगले चरण को गति प्रदान करने के लिए तैयार है। आज गांधीनगर में गुजरात सेमीकनेक्ट सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, श्री वैष्णव ने सेमीकनेक्ट 1 की सफलता पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत ने पहले ही दस विनिर्माण संयंत्र स्थापित कर लिए हैं। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सेमीकनेक्ट 2.0 के तहत नई प्राथमिकता और एक मजबूत स्टार्टअप वातावरण का निर्माण करना और जापान जैसे देशों में देखी गई नींव के समान संपूर्ण विनिर्माण श्रृंखला का स्थानीयकरण करना है।

****

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा–शुल्क बोर्ड ने पात्र निर्माता आयातकों के लिए सीमा–शुल्क के तुरंत भुगतान से छूट की सुविधा शुरू की है। यह सुविधा 1 अप्रैल,2026 से 31 मार्च,2028 तक जारी रहेगी। बोर्ड ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

अधिसूचना के अनुसार, अब पात्र निर्माता आयातक निकासी के समय सीमा–शुल्क का भुगतान तत्काल किए बगैर भी आयातित वस्तुएं ले जा सकेंगे। इन आयातित वस्तुओं पर लागू शुल्क का भुगतान मासिक आधार पर किया जा सकेगा। इससे निर्माताओं को नकदी और कार्यशील पूंजी बनाए रखने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इससे व्यापार आसान होगा और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस सुविधा के लिए कल से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। आवेदन के लिए वेबसाइट है ईओ इंडिया डॉट गोव डॉट इन।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र में सारंडा के जंगल में आज सुबह एक आईईडी विस्फोट होने से कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट अजय मलिक घायल हो गए। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची एयरलिफ्ट किया गया है। जिले के एसपी अमित रेणु ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है और पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

****

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गिरिडीह शहर के महापौर और सभी वार्ड पार्षदों को जीत पर बधाई दी है। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यालय में आज नव निर्वाचित वार्ड पार्षदों और महापौर के सम्मान समारोह में मंत्री ने नगर निगम क्षेत्र की जनता के प्रति अपना आभार प्रकट किया।

****

उत्पाद विभाग की टीम ने रांची जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में अवैध और नकली शराब बरामद की है। इस दौरान आठ आरोपितों को गिरफ्तार भी किया गया है। सहायक आयुक्त उत्पाद ने बताया कि होली और रामनवमी पर्व को देखते हुए यह अभियान जारी रहेगा। इस कारोबार में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ़्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

****

गढ़वा जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र स्थित बिजका बाजार में पिछले दिनों एक सब्जी दुकानदार की हत्या के तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। रंका के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि जमीन विवाद के कारण यह हत्या की गई थी। इधर, गढ़वा जिले की पुलिस ने बारडीहा थाना क्षेत्र में तीन वर्षीय बच्चे की हत्या के मामले में स्थानीय वार्ड पार्षद सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

****

गिरिडीह जिले के बिरनी स्थित भरकट्टा ओपी क्षेत्र में बीती रात अपराधियों ने एक कारोबारी से नकदी भरा बैग और मोबाईल फोन लूट लिया। इसके बाद अपराधी जंगल की ओर फरार हो गए। बिरनी के पुलिस उपाधीक्षक धनंजय राम ने बताया है कि पीड़ित के अनुसार उनके बैग में करीब साढ़े तीन लाख रुपये थे। पुलिस इलाके में अपराधियों की तलाश में छापेमारी अभियान चला रही है।

**********समाप्त**********